# तोप

## पूर्व वर्षों के प्रश्नोत्तर
## 2016
## अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

**Question 1.**
**चिड़ियाँ तोप का क्या लाभ उठाती हैं?**
**Answer:**
चिड़ियाँ तोप को विश्राम स्थल समझ कर प्रायः उसपर बैठ जाती हैं तथा गपशप करती हैं। कभी-कभी शैतानी करते हुए वे इसके भीतर भी घुस जाती हैं, विशेष रूप से गौरैयें।

**Question 2.**
**'जबर', धज्जे' इत्यादि शब्दों का प्रयोग 'तोप' कविता की भाषा की किस विशेषता को दर्शाता है?**
**Answer:**
'जबर', 'धज्जे' इत्यादि शब्दों का प्रयोग 'तोप' कविता की भाषा की सरलता, प्रवाह तथा अर्थ–प्रधानता की विशेषता को दर्शाता है। कवि ने ऐसे शब्दों का प्रयोग करके तोप की शक्ति तथा उसके विनाशकारी परिणाम को अनायास ही स्पष्ट कर दिया है।

## लघुत्तरात्मक प्रश्न

**Question 3.**
**तोप अपना परिचय किस रूप में देती है–अपने शब्दों में लिखिए।**
**Answer:**
तोप पर्यटकों को अपना परिचय देते हुए कहती है कि अपने ज़माने में वह बहुत शक्तिशाली थी। बड़े-बड़े योद्धाओं के हौंसले उसने पस्त कर दिए थे; उनके धज्जे उड़ा दिए थे। उसकी शक्ति के आगे बड़े-बड़े वीर नतमस्तक होते थे।

**Question 4.**
**क्या 'तोप' को साल में दो बार चमकाया जाना पर्याप्त है? क्यों?**

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**Answer:**

हाँ 'तोप' जैसे हथियारों को साल में दो बार चमकाया जाना पर्याप्त है। ये दो दिन है– 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) एवं 26 जनवरी (गणतंत्र दिवस)। ये दोनों दिन गुलामी से आज़ादी की ओर किए गए हमारे संघर्ष की कहानी कहते (बयान करते) जान पड़ते हैं।

## 2014
## अतिलघुत्तरात्मक प्रश्न

**Question 5.**

**तोप और चिड़ियाँ किसके प्रतीक हैं?**

**Answer:**

'तोप' प्रतीक है– अत्याचारी शासन व्यवस्था की और 'चिड़ियाँ' प्रतीक हैं– उस आज़ादी की जो इस सत्य को उद्घाटित करती है कि कितना भी बड़ा अत्याचारी क्यों न हो एक-न-एक दिन तो उसका मुँह बंद हो ही जाता है।

## लघुत्तरात्मक प्रश्न

**Question 6.**

**तोप अपना महत्त्व किस रूप में बताती है?**

**Answer:**

तोप पर्यटकों को अपना महत्त्व बताते हुए कहती है कि अपने ज़माने में वह बहुत शक्तिशाली थी। बड़े-बड़े योद्धाओं के हौंसले उसने पस्त कर दिए थे; उनके धज्जे उड़ा दिए थे। उसकी शक्ति के आगे बड़े-बड़े वीर नतमस्तक होते थे।

## 2013
## लघुत्तरात्मक प्रश्न

**Question 7.**

**'तोप' कविता का मुख्य भाव स्पष्ट कीजिए।**

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**Answer:**

'तोप' कविता का मूल भाव यह है कि कोई चाहे कितना, ही बलवान व ताकतवर क्यों न हो, अत्याचारियों के अत्याचार का अंत एक-न-एक दिन अवश्य हो जाता है। हमें अहंकार नहीं करना चाहिए। हमें अपने देश की रक्षा के लिए सतर्क रहना चाहिए। अपने पूर्वजों से विरासत में मिली वस्तुओं का तथा उनके बलिदान का सम्मान करना चाहिए।

**Question 8.**

**आज विशाल तोप शक्तिहीन है। आप इस बात से कहाँ तक सहमत हैं?**

**Answer:**

आज विशाल तोप शक्तिहीन है। यह निष्क्रिय रूप में पर्यटकों के लिए एक धरोहर मात्र मानकर पड़ी हुई है। अब लोग जागरूक हो चुके हैं। आज के लोग अत्याचारी व अहंकारी शाषकों को मुँहतोड़ जबाव देना जानते हैं। कोई कितना भी ताकतवर क्यों न हो एक दिन तो उसका विनाश निश्चित है इसीलिए उस ज़बरदस्त तोप पर बच्चे घुड़सवारी करते हैं और उसका मुँह बंद हो चुका है।

## 2012
## लघुत्तरात्मक प्रश्न

**Question 9.**

**'धरोहरों' का क्या महत्त्व है? 'तोप' कविता के आधार स्पष्ट करते हुए लिखिए।**

**Answer:**

धरोहरों का हमारे जीवन में बहुत महत्तव होता है। 'धरोहर' हमारे पूर्वजों की निशानी होती है जिसे सँभाल कर रखनी चाहिए। 'तोप' कविता में यह कहने का प्रयास किया है कि ये तोप हमारी धरोहर है जो हमें 'इतिहास' की याद दिलाती है, उन गलतियों की याद दिलाती है जिनके कारण हमें गुलामी सहनी पड़ी। ये 'तोप' हमें जागरूक बनाती है, ताकि हम इतिहास से सबक ले सकें।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**Question 10.**

**विरासत में मिली चीज़ों की बड़ी सँभाल क्यों होती है? तोप कविता के आधार पर स्पष्ट कीजिए।**

**Answer:**

विरासत में मिली चीज़ों की सँभाल होती है क्योंकि ये हमारी धरोहर होती हैं। इनसे हमारे इतिहास का परिचय भी प्राप्त होता है। इन धरोहर को देखकर हमें अपने पूर्वजों की उपलब्धियों व उनके जीवन का परिचय मिलता है तथा उनसे जीवन को जीने की प्रेरणा भी मिलती है। 'तोप' को देखकर हमें यह प्रेरणा मिलती है कि हम उन गलतियों को न दोहराएँ, ताकि हमें गुलाम नहीं होना पड़े

## 2011
## लघुत्तरात्मक प्रश्न

**Question 11.**

**कम्पनी बाग़ में रखी तोप क्या सीख देती है? कविता के आधार पर लिखिए।**

**Answer:**

कम्पनी बाग़ में रखी तोप सीख देती है कि हम भविष्य में ऐसी कोई गलती न करें जो हमने पहले की थी। भविष्य में कोई और ऐसी कंपनी यहाँ पाँव न जमाने पाए जिसके इरादे नेक न हों और फिर वही तांडव मचे जिसके घाव अभी तक हमारे दिल में हरे हैं। यह तोप हमें बताती है कि हमारे पूर्वजों से कब, कहाँ क्या चूक हुई?

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

## काव्यांश पर आधारित प्रश्न
## 2010

**Question 12.**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

अब तो बहरहाल
छोटे लड़कों की घुड़सवारी से अगर यह फ़ारिग हो
तो उसके ऊपर बैठकर
चिड़ियाँ ही अकसर करती हैं गपशप
कभी-कभी शैतानी में वे इसके भीतर भी घुस जाती हैं
खास कर गौरेयें।
वे बताती हैं कि दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप
एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद।

**(क) कविता किसके बारे में है? उसकी क्या विशेषता है?**

**(ख) किन बातों से लगता है कि तोप निरर्थक हो गई है?**

**(ग) उपर्युक्त काव्यांश क्या संदेश देता है?**

**Answer:**

(क) कविता तोप के विषय में है। उस तोप की यह विशेषता है कि उसका प्रयोग अंग्रेज़ों ने 1857 के संग्राम को कुचलने के लिए किया था। अपने समय में वह बहुत ज़बरदस्त थी, परंतु आज वह निस्तेज पड़ी है।

(ख) कानपुर के कम्पनी बाग़ में रखी इस तोप का प्रयोग अब बच्चे घुड़सवारी का आनंद लेने के लिए करते हैं। जब यह तोप इनसे फ़ारिग होती है, तो गौरेया चिड़ियाँ इस पर बैठकर गपशप करती हैं। कभी-कभी तो वे शैतानी में इसके भीतर भी घुस जाती हैं। ये सभी बातें बताती हैं कि अब यह तोप निरर्थक हो गई है।

(ग) उपर्युक्त काव्यांश यह संदेश देता है कि चाहे कोई कितना ही बड़ा अत्याचारी क्यों न हों एक-न-एक दिन तो उसका अंत होना निश्चित ही है। यह हमें अतीत से प्रेरणा लेकर भविष्य को सँवारने का संदेश देता है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

## 2009
## लघुत्तरात्मक प्रश्न

**Question 13.**

**कंपनी बाग़ में रखी तोप की क्या विशेषता है? वह कब और क्यों चमकाई जाती है?**

**Answer:**

कंपनी बाग़ में रखी तोप की यह विशेषता है कि कभी अंग्रेज़ों ने इसका प्रयोग हमारे स्वतंत्रता सेनानियों को दबाने के लिए किया था। कुछ समय पश्चात् एक दिन ऐसा भी आया कि इसी तोप को अपना मुँह बंद करना पड़ा और अब वह केवल पर्यटकों का मनोरंजन कराती है। आज यह तोप हमारी धरोहर है जिसे खूब सँभालकर रखा जाता है तथा साल में दो बार इसे चमकाया जाता है– (*i*) 15 अगस्त (*ii*) छब्बीस जनवरी को। यह सदा हमारे वीरों और बलिदानियों की याद दिलाती रहती है।

**Question 14.**

**'तोप' कविता के आधार पर लिखिए कि विरासत में मिली चीज़ों का महत्त्व क्यों होता है?**

**Answer:**

'तोप' कविता के अनुसार तोप जैसी अनेक चीज़ें जिन्हें हमारे पूर्वज़ छोड़कर सदा के लिए स्वर्ग चले गए। ये चीज़ें ही हमारी धरोहर (विरासत) हैं। इनका हमारे जीवन में बड़ा महत्त्व है क्योंकि इनसे हमको शिक्षा और कुछ हिदायतें मिलती हैं और ये हमारे पूवज़ों के बलिदानों, त्याग आदि की सदा याद दिलाती रहती हैं। इनको बड़ी हिफ़ाजत से सँभालकर रखा जाता है जिससे आने वाली हमारी पीढ़ी भी इनको सदा याद रखे और यह भी याद रखे कि अब भारत देश किसी अन्य देश का गुलाम न होने पाए।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

**Question 15.**

**'तोप' कविता का प्रतिपाद्य संक्षेप में लिखिए।**

**Answer:**

'तोप' कविता का प्रतिपाद्य संक्षेप में इस प्रकार है– भारतवर्ष में व्यापार करने के उद्देश्य से आई 'ईस्ट इंडिया कंपनी'' धीरे-धीरे हमारी शासक बन गई। उसने कई जगह बाग़ लगवाए और तोपें भी बनावाईं। बाद में देश के कई जाँबाज़ जो देश को पुनः आज़ाद करने के लिए निकले थे, उन्हें मौत के घाट इन्हीं तोपों से उतार दिया गया। अब अंग्रेजी शासकों के चले जाने के बाद कंपनी बाग़ों की देखभाल की जाती है, वैसे ही साल में दो बार (15 अगस्त, 26 जनवरी) इन तोपों को चमकाया जाता है। इन्हें हम अपने पूर्वजों की धरोहर के रूप में सँभालकर रखते हैं। यह तोप जिसका वर्णन कविता में किया गया है, कंपनी बाग़ के मुहाने (कानपुर) पर रखी हुई है। इसे देखकर व जानकर हमें देश और समाज की प्राचीन उपलाबधियों का मान होता है तथा हमें सचेत करती है कि हमारे पूर्वजों से कब, क्यों और कहाँ चूक हुई थी? उसकी पुनरावृत्ति अब कतई न होने पाए।

कंपनी बाग़ में जाने वाले सैलानियों के बच्चे इस पर बैठकर घुड़सवारी का आंनद लेते हैं। इसके बाद चिड़ियाँ इस पर बैठकर कुछ गपशप करती हैं तथा कभी-कभी इसके अंदर भी घुस जातीं हैं। यह तोप हमें बताती है कि चाहें कितना ही बड़ा क्रूर अत्याचारी शासक क्यों न हो, उसका भी एक दिन मेरी ही तरह हमेशा के लिए मुँह बंद हो जाता है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in

## काव्यांश पर आधारित प्रश्न

**Question 16.**

**निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए–**

अब तो बहरहाल
छोटे लड़कों की घुड़सवारी से अगर यह फ़ारिग हो
तो उसके ऊपर बैठकर
चिड़ियाँ ही अकसर करती हैं गपशप
कभी-कभी शैतानी में वे इसके भीतर भी घुस जाती हैं
खास कर गौरैयें
वे बताती हैं कि दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप
एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद।

**(क) कवि और कविता का नाम लिखिए।**
**(ख) लड़के और चिड़ियाँ तोप का उपयोग किस रूप में करते हैं?**
**(ग) 'तोप का मुँह बंद होना ही है'–कथन का आशय बताइए।**
**(घ) कंपनी बाग़ की यह तोप क्या सीख देती है? कैसे?**

**Answer:**

(क) कवि का नाम – वीरेन डंगवाल, कविता का नाम – तोप।

(ख) लड़के तोप का उपयोग घुड़सवारी के रूप में करते हैं और चिड़ियाँ अक्सर उस पर बैठकर गपशम करती हैं तथा कभी-कभी उसके अंदर भी घुस जाती हैं।

(ग) 'तोप का मुँह बंद होना ही है'–इस कथन का आशय यह है कि बहुत पुरानी हो जाने पर या उसका उपयोग करने की ज़रूरत न रहने पर उसको हमेशा के लिए बंद कर दिया जाता है। चाहें वह कितनी ही बड़ी तोप क्यों न हो।

(घ) कंपनी बाग़ की यह तोप हमें यह सीख देती है कि एक दिन मेरी ही तरह बड़े-बड़े सूरमाओं का मुँह बंद हो जाता है। दूसरे हमें यह भी बताती है कि हमें दुश्मनों का डटकर मुकाबला करना चाहिए तभी दुश्मन दुम दबाकर भाग सकता है।

Get More Learning Materials Here : CLICK HERE www.studentbro.in